## एक नजर में

### ब्रिटेन में भारतवंशी डाक्टर ने आत्महत्या के लिए अस्पताल को ठहराया जिम्मेदार

**लंदन:** ब्रिटेन में गत वर्ष 22 जून को आत्महत्या करने वाली भारतीय मूल की डाक्टर वैष्णवी कुमार का सुसाइड नोट अब सामने आया है। इसमें उन्होंने आत्महत्या के लिए क्वीन एलिजाबेथ अस्पताल को जिम्मेदार ठहराया है। वह जूनियर डाक्टर के तौर पर बर्मिंघम के क्वीन एलिजाबेथ अस्पताल में कार्यरत थीं। वैष्णवी ने सुसाइड नोट में लिखा था, 'अस्पताल की कार्यप्रणाली ने मुझे तोड़ दिया है। मां मुझे माफ करना। मेरी इस स्थिति के लिए अस्पताल जिम्मेदार है।' वैष्णवी के माता-पिता ने सुसाइड नोट साझा किया है। (**आइएएनएस**)

### अमेरिकी परमाणु मिसाइल बेस के कई अधिकारी कैंसर पीड़ित

**वाशिंगटन:** अमेरिका के मोंटाना परमाणु मिसाइल बेस पर वर्षों पहले काम करने वाले नौ सैन्य अधिकारी ब्लड कैंसर से पीड़ित पाए गए हैं। इनमें से एक अधिकारी की मौत भी हो चुकी है। यह इस बात का इशारा करती है कि बीमारी उनकी सेवा से जुड़ी हो सकती है। इसकी जांच चल रही है। मिसाइलर के रूप में जाने जाने वाले इन अधिकारियों को 25 साल पहले मालमस्ट्राम एयर फोर्स बेस पर भेजा गया था। यहां 150 मिनटमैन-3 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों की तैनाती है। (**एपी**)

### इमरान खान के 45 सांसदों ने अपने इस्तीफे वापस लिए

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान की राजनीति ने नया मोड़ लेते हुए सोमवार को इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के 45 सांसदों ने नेशनल एसेंबली से अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। ऐसा उन्होंने पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान के निर्देश पर ऐसा किया है। पिछले साल अप्रैल में अविश्वास प्रस्ताव गिरने के बाद इमरान खान को सत्ता से बाहर कर दिया गया था। उसके तुरंत बाद खान की पार्टी के करीब 123 सांसदों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। पिछली जुलाई में स्पीकर रजा परवेज अशरफ ने केवल 11 इस्तीफों को ही स्वीकार किया। साथ ही बाकी सांसदों को समन जारी किया गया था, लेकिन एक अप्रत्याशित कदम के तहत पिछले हफ्ते उन्होंने 69 सांसदों के इस्तीफे स्वीकार कर लिए। (**प्रेट्र**)

# मधुमक्खियों को संक्रमण से बचाएगा खास टीका



एक खास बात यह भी है कि किसी भी कीट को संक्रमण से बचाने के लिए यह अपनी तरह का पहला टीका है।

मधुमक्खियों की बात हो तो उनकी सबसे बड़ी उपयोगिता शहद के रूप में ही ध्यान में आती है। हालांकि ऐसा नहीं है। मनुष्य के भोजन का करीब तिहाई हिस्सा उन फसलों से आता है, जिनका परागण मधुमक्खियां करती हैं। यही कारण है कि मधुमक्खियों में होने वाला संक्रमण विज्ञानी समुदाय के लिए चिंता का विषय रहा है। अब अमेरिकी शोधकर्ताओं ने मधुमक्खियों को अमेरिकन फाउलब्रूड संक्रमण से बचाने के लिए टीका विकसित किया है। यूनिवर्सिटी आफ कैलिफोर्निया की कृषि शोधकर्ता डा. जेनी डूरंट ने इस टीके की अहमियत और प्रयोग के तरीके के बारे में बताया है।

### नष्ट करना पड़ता है पूरा छत्ता

अमेरिकन फाउलब्रूड संक्रमण मधुमक्खियों के लिए बहुत घातक माना जाता है। बैक्टीरिया के कारण होने वाला यह संक्रमण बहुत तेजी से फैलता है। यदि किसी छत्ते में संक्रमण की आशंका हो, तो पूरा छत्ता नष्ट करना पड़ता है। किसी भी मधुमक्खी पालक के लिए यह बड़ा नुकसान होता है। कुछ देशों में मधुमक्खी पालक इससे बचाव के लिए एंटीबायोटिक्स का भी प्रयोग करते हैं। हालांकि इससे मधुमक्खियों में एंटी बायोटिक रजिस्टेंस का खतरा पैदा होने लगा है।

**30%-50%** तक संक्रमण से बचाव में सहायक होगा टीका

### टीका देने की प्रक्रिया भी आसान नहीं

मधुमक्खियों को टीका देने की प्रक्रिया बहुत आसान नहीं है। दरअसल मधुमक्खियों का छत्ता रानी मक्खी पर निर्भर करता है। रानी मक्खी के आहार को 'रायल जेली' कहा जाता है, जिसे उसके लिए कामगार मक्खियां तैयार करती हैं। मधुमक्खी पालक छत्ते की शुरुआत एक रानी मक्खी और 50 से 200 कामगार मधुमक्खियों के साथ करते हैं। रायल जेली बनाने में कामगार मक्खियों की सहायता करने के लिए उन्हें खास आहार दिया जाता है, जिसे क्वीन कैंडी कहते हैं। इसी क्वीन कैंडी में वैक्सीन को मिलाया जाएगा। इससे बनी रायल जेली रानी मक्खी खाएगी और फिर उससे पैदा होने वाली मधुमक्खियों में संक्रमण से बचने की क्षमता होगी और छत्ता सुरक्षित रहेगा।

### टीके से जुड़े कुछ अहम तथ्य

- एक बार देने के बाद रानी मक्खी के पूरे जीवनकाल तक प्रभावी रहेगा टीका
- रानी मक्खी बदलने की स्थिति में पुनः टीका ले चुकी रानी मक्खी लानी होगी



- इस टीके से मधुमक्खियों से जुड़े कई अन्य संक्रमणों से बचाव की राह भी खुलेगी
- यूरोपियन फाउलब्रूड संक्रमण का टीका बनाने की दिशा में भी हो रहा है शोध

### भारत में संभावनाओं के द्वार

शोध बताते हैं कि यदि भारत में मधुमक्खी पालन को विस्तार दिया जाए, तो कई फसलों की उपज दो गुना तक बढ़ सकती है।

**16%** परागण मधुमक्खियों द्वारा होता है फूलों वाले पौधों में

**187%** बढ़ सकती है धनिया की उपज मधुमक्खियों के परागण से

**5** करोड़ हेक्टेयर में फैली हैं ऐसी फसलें

**93%** उपज बढ़ सकती है मधुमक्खियों के परागण से प्याज की

**43%** उपज बढ़ सकती है यदि सरसों का परागण मधुमक्खियां करें

(इनपुट: प्रेट्र)

# दिग्विजय सिंह ने सर्जिकल स्ट्राइक पर उठाए सवाल, भाजपा हमलावर

## जम्मू रैली के दौरान कांग्रेस नेता ने मंच से सैन्य अभियान के सुबूत मांगे

**राज्य ब्यूरो, जम्मू :** राहुल गांधी की जम्मू रैली के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाकर विवाद पैदा कर दिया। सोमवार को भारत जोड़ो यात्रा के जम्मू पहुंचने पर आयोजित रैली में उन्होंने मंच से सर्जिकल स्ट्राइक के सुबूत मांगे और भाजपा पर झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा कि केंद्र सरकार सर्जिकल स्ट्राइक करने की बात करती है कि हमने इतने लोग मार गिराए, लेकिन इसका कोई सुबूत नहीं है। उन्होंने 2019 में पुलवामा आतंकी हमले को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी घेरा।

रैली समाप्त होने के बाद जब दिग्विजय से सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल किए गए तो जयराम रमेश ने उन्हें जवाब देने से रोक दिया और मीडिया कर्मी का माइक झटक दिया। कांग्रेस इसे दिग्विजय की व्यक्तिगत राय बताकर मामले को ठंडा करने का प्रयास कर रही है। मगर भाजपा कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। भाजपा ने कांग्रेस को गद्दारों की पार्टी बताया है। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना ने कहा कि कांग्रेस ने एक बार फिर भारत मां की पीठ में खंजर घोपा है। उड़ी आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने गुलाम जम्मू-कश्मीर में घुसकर आतंकियों के शिविर तबाह कर दिए थे। बालाकोट में आतंकी ठिकानों को वायुसेना ने ध्वस्त किया। राहुल गांधी की कांग्रेस आज उसके सुबूत मांग रही है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आतंकी ओसामा को ओसामा जी कहने, जाकिर नाइक के साथ मंच साझा करने और बयानों के जरिये मातृशक्ति का लगातार अपमान करने के बाद दिग्विजय सिंह ने अपनी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में एक और कारनामा जोड़ लिया है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि पीएम मोदी के विरोध में कांग्रेस अंधी हो गई है। एक अन्य प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस को अपना नाम बदलकर 'पाकिस्तान परस्त पार्टी' कर लेना चाहिए।



जम्मू में एक जनसभा में पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह और जयराम रमेश। ●प्रेट्र

### वीर नारी ने दिया दिग्विजय को जवाब, राजनीति से बाज आएं नेता, बलिदानियों के स्वजन से माफी मांगे दिग्विजय

**राज्य ब्यूरो, जम्मू :** पुलवामा हमले पर सवाल उठाने वाले कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को वीर नारी शाजिया कौसर ने करारा जवाब दिया है और नेताओं को बलिदानियों पर राजनीति करने से बाज आने की नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि आसान नहीं है, अपने किसी को गंवाना और फिर उसके बलिदान पर किसी को उंगली उठाते देखना। शाजिया ने कहा कि हमें अपने पति और अन्य जवानों के बलिदान पर गर्व है। पुलवामा हमले में देश के लिए न्योछावर होने वाले उन जवानों के बलिदान का मजाक उड़ाया गया है, हमारे जख्मों को कुरेदा गया है। इन नेताओं को सभी बलिदानियों के स्वजन और इस देश से माफी मांगनी चाहिए।

## सेना को कमजोर कर रही अग्निवीर योजना : राहुल

**राज्य ब्यूरो, जम्मू :** कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि मोदी सरकार की अग्निवीर योजना सेना को कमजोर करने की योजना है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में सबसे बड़ा मुद्दा राज्य दर्जे को लेकर है। इसे कांग्रेस पूरा समर्थन करती है और इसे बहाल करवाने के लिए कांग्रेस पूरा दम लगा देगी। आज प्रदेश को बाहर के लोग चला रहे हैं। लोगों की आवाज को यहां का प्रशासन सुन नहीं रहा है।

भारत जोड़ो यात्रा को लेकर राहुल गांधी इस समय जम्मू-कश्मीर में हैं। सोमवार को यात्रा जम्मू में पहुंच गई। जम्मू के सतवारी के पास जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार की अग्निवीर योजना सेना को कमजोर करने की योजना है। जम्मू-कश्मीर में बेरोजगारी की दर देश में सबसे अधिक है। पहले युवा सेना में चले जाते थे, अब वह रास्ता भी बंद कर दिया है। सेना एक परिवार की तरह है, यह रिश्ते के बल पर लड़ती है। भाजपा को यह बात समझ नहीं आई। पहले 15 साल के बाद सैनिक सेवानिवृत्त होते थे। पेंशन मिलती थी। अब चार साल में सैनिकों को घर भेजा जाता है। सोमवार को कश्मीरी हिंदुओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राहुल से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। इसमें उन्होंने (कश्मीरी हिंदुओं) बताया कि जब वे जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मिलने के लिए गए तो उन्होंने कहा कि आपको भीख नहीं मांगनी चाहिए। राहुल ने कहा उपराज्यपाल को इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। क्योंकि कश्मीरी हिंदू हक मांग रहे हैं, भीख नहीं।



जम्मू में सोमवार को कांग्रेस की यात्रा के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने रघुनाथ मंदिर में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की पूजा-अर्चना की। ●एएनआइ

### संसद में सरकार माइक बंद कर देती है मेरा

राहुल गांधी ने कहा कि यात्रा के दौरान मुझे हर प्रदेश में कुछ न कुछ नया सीखने को मिला है। किसानों, महिलाओं और श्रमिकों ने अपने दिल की बात की। जीएसटी और नोटबंदी से छोटे व्यापारियों को बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि यात्रा से पहले संसद में मुद्दे उठाने की कोशिश की, लेकिन हमारी बात को सुना नहीं जाता था। माइक बंद कर दिया जाता था।

### सही लड़की मिलते ही शादी कर लेंगे राहुल गांधी

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** भारत के सबसे योग्य कुंवारे के रूप में देखे जाने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी का कहना है कि जब सही लड़की मिलेगी तो वह शादी कर लेंगे। लेकिन 52 वर्षीय कांग्रेस नेता के लिए समस्या यह है कि उनके माता-पिता की "प्यारी शादी" ने उनके लिए मानकों को बहुत ऊंचा कर दिया है। यू-ट्यूब पर भोजन और यात्रा चैनल कर्ली टेल्स पर स्वतंत्र, हल्की-फुल्की बातचीत में गांधी ने अपने बड़े होने के वर्षों, अपनी भोजन वरीयताओं और अपने व्यायाम आहार सहित कई व्यक्तिगत मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 'केवल राजनीति' ट्रैक से स्विच किया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वह शादी के खिलाफ नहीं हैं। मेरा मानक बहुत ऊंचा है। जब सही लड़की मिलेगी। मैं शादी कर लूंगा। मेरा मतलब है कि अगर वह साथ आएगी, तो साथ आएगी।

## यूक्रेन को लेपर्ड टैंक देने के लिए जर्मनी नहीं हो रहा राजी

**ब्रसेल्स, रायटर:** यूक्रेन-रूस के बीच 11 महीने से छिड़ी जंग को जीतने के लिए दोनों ओर से नई रणनीति बनाई जा रही है। इस बीच, पोलैंड ने कहा है कि वह यूक्रेन को लेपर्ड टैंक भेजने पर विचार कर रहा है, लेकिन यूरोपीय देश जर्मनी को इसके लिए अब तक राजी नहीं कर पाए हैं। जर्मनी का लेपर्ड टैंक अधिक मारक माना जाता है। वहीं, रूस ने कहा है कि टैंक पर चर्चा दर्शा रहा है कि यूरोप में विवाद है, साथ ही चेतावनी दी कि यदि टैंक भेजे गए तो यूक्रेन को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

यूक्रेन की मदद करने को लेकर यूरोप के विदेश मंत्रियों की बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में सोमवार को बैठक हुई। यूरोपीय संघ के विदेशी नीति प्रमुख जोसेप बारेल ने कहा कि हम सब यूक्रेन की मदद के लिए 50 करोड़ यूरो कीमत की सैन्य सहायता भेजने पर विचार कर रहे हैं। उम्मीद है इस पर मंजूरी मिल जाएगी। इस दौरान पश्चमी देशों ने जर्मनी पर लेपर्ड टैंक देने के लिए लगातार दबाव डाला। अमेरिका समेत पश्चिमी देशों का मानना है कि जर्मन लेपर्ड टैंक यूक्रेन के लिए एकदम फिट है। पिछले हफ्ते जर्मनी में हुई बैठक के दौरान भी यूरोपीय देश जर्मनी को मनाने में विफल रहे थे।

**इस समय यह अहम कि यूक्रेन की रक्षा के लिए हम सब कुछ करें: जर्मनी:** जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबाक ने रविवार को कहा था कि यदि पोलैंड टैंक भेजना चाहता है तो बर्लिन उसके रास्ते में नहीं खड़ा होगा। सोमवार को ब्रसेल्स की बैठक में पहुंचने पर उन्होंने अपनी पिछली टिप्पणी पर कुछ भी कहने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि इस समय महत्वपूर्ण है कि यूक्रेन की रक्षा के लिए हम सब कुछ करें।

### मनाने का प्रयास

- ब्रसेल्स में यूरोपीय विदेश मंत्रियों की बैठक में 50 करोड़ यूरो कीमत की सैन्य सहायता देने पर विचार
- पोलैंड ने यूक्रेन को लेपर्ड टैंक देने के दिए संकेत, कहा-बना रहा योजना
- रूस की चेतावनी, यूरोप ने टैंक भेजे तो यूक्रेन को भुगतना पड़ेगा खामियाजा

### रूस और एस्टोनिया ने एक दूसरे के राजदूतों को देश छोड़ने को कहा

**मास्को, एपी:** रूस और एस्टोनिया ने खराब होते संबंधों के बीच सोमवार को एक-दूसरे के राजदूतों को देश छोड़ने को कह दिया। दोनों देशों ने कहा कि उनके दूतावास अब प्रभारियों के हवाले रहेंगे। रूस के विदेश मंत्रालय ने एस्टोनिया के राजदूत मार्जस लैड्रे को समन करते हुए सात फरवरी तक रूस छोड़ने के लिए आदेश दिए।

## पीएम मोदी पर आपत्तिजनक डाक्यूमेंट्री मामले में बीबीसी की जांच के लिए आनलाइन याचिका

**लंदन, प्रेट्र :** भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बीबीसी की बनाई आपत्तिजनक डाक्यूमेंट्री का विरोध कम नहीं हो रहा है। अब एक आनलाइन याचिका के जरिये इस डाक्यूमेंट्री को बनाने के मामले की स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि इस तरह की विवादित डाक्यूमेंट्री बनाकर बीबीसी ने ब्रिटेन के लोक प्रसारणकर्ता की अपनी जिम्मेदारी को भंग किया है।

चेंजडाटआर्ग नाम के संगठन ने 2,500 से ज्यादा लोगों के हस्ताक्षरों वाली याचिका में कहा है कि बीबीसी (ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कार्पोरेशन) की इस हरकत की वह कड़े शब्दों में निंदा करता है। यह डाक्यूमेंट्री बनाकर बीबीसी के संपादकीय विभाग ने निष्पक्षता के उच्च मानदंडों को तोड़ा है। यह याचिका पिछले सप्ताह बीबीसी की डाक्यूमेंट्री- इंडिया : द मोदी क्वेश्चन, के पहले भाग को देखने के बाद दायर की गई है। डाक्यूमेंट्री के दूसरे भाग का प्रसारण मंगलवार को होना प्रस्तावित है।

## 10 लोगों की हत्या करने वाले हमलावर ने की खुदकुशी

**लास एंजिलिस, एपी :** अमेरिका में लास एंजिलिस के डांस क्लब में फायरिंग कर तहलका मचाने वाले हमलावर ने भी रविवार को पुलिस से घिरता देख एक वैन के अंदर आत्महत्या कर ली। शनिवार रात चीन के चांद्रिक नव वर्ष का उत्सव मनाने के लिए मांटेरी पार्क में जुटे लोगों पर हमलावर ने अंधाधुंध फायरिंग की थी, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई थी। लास एंजिलिस शहर के काउंटी शेरिफ राबर्ट लूना ने हमलावर की पहचान 72 वर्षीय हू कैन ट्रान के रूप में की।

## बाल वाटिका से दूसरी कक्षा का नया पाठ्यक्रम वसंत पंचमी पर जारी होगा

- हाल में बाल वाटिका को स्कूली शिक्षा का बनाया हिस्सा, बच्चों को तीन साल की उम्र से मिलेगा दाखिला

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के जरिये देश की नई पीढ़ी को गढ़ने का जो सपना देखा गया है अब उसके साकार होने का वक्त नजदीक आ गया है। नीति की सिफारिश पर अमल करते हुए शिक्षा मंत्रालय इनके लिए जल्द ही एक नया पाठ्यक्रम लाने की तैयारी में है। जो नौनिहालों को न सिर्फ भविष्य के लिहाज से गढ़ेगा बल्कि उनके सर्वांगीण विकास में मदद भी देगा। माना जा रहा है कि यह नया पाठ्यक्रम वसंत पंचमी के मौके पर जारी किया जा सकता है।

शिक्षा मंत्रालय इससे पहले स्कूलों के लिए तैयार किए नए बुनियादी स्तर (फाउंडेशन स्टेज) के लिए पाठ्यक्रम से जुड़ा फ्रेमवर्क पहले ही जारी कर चुका है। इसके आधार पर ही पाठ्यक्रम को तैयार किया जाना है। इस स्टेज में तीन साल का बाल वाटिका (प्री-प्राइमरी या नर्सरी) का भी एक चरण होगा। इसमें बच्चों को तीन से छह साल की उम्र तक शिक्षा दी जाएगी। इस दौरान उन्हें खिलौना या खेल आधारित शिक्षा देने पर ही सबसे ज्यादा फोकस रहेगा।

मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक बुनियादी स्तर की शिक्षा में बाल वाटिका के लिए अभी कोई पाठ्यक्रम नहीं है। आने वाला पाठ्यक्रम बिल्कुल नया होगा। जल्द ही इनकी किताबें भी तैयार हो जाएगी। स्कूली शिक्षा के इस पाठ्यक्रम को तैयार करने के लिए एनसीईआरटी ने अपनी एक विशेष टीम लगाई है जिसने हाल ही में फिनलैंड, आस्ट्रेलिया और कोरिया सहित कई देशों का दौरा भी किया है।

## पाक में बेटी ने मर्जी से की शादी, पिता ने कोर्ट में गोली मारकर की हत्या

**कराची, प्रेट्र:** पाकिस्तान में आनर किलिंग का एक खौफनाक मामला सामने आया है। सोमवार को एक नवविवाहिता महिला अपने बयान दर्ज कराने के लिए कराची कोर्ट पहुंची थी, जहां उसके पिता ने कोर्ट परिसर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। महिला ने कुछ समय पहले ही अपने परिवार के खिलाफ जाकर कोर्ट मैरिज की थी और वह शादी के सिलसिले में ही अपना बयान दर्ज कराने कोर्ट पहुंची थी। पुलिस का कहना है कि कराची के पीराबाद की रहने वाली 35 साल की महिला अपने पड़ोस के एक डाक्टर से शादी की थी।

कराची के एसएसपी शब्बीर ने कहा कि जब महिला सोमवार सुबह बयान दर्ज कराने कराची कोर्ट पहुंची, तो उसके पिता ने उस पर तीन गोलियां दाग दीं, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## आस्ट्रेलिया में 15 दिन में तीसरे हिंदू मंदिर पर हमला, दीवार पर नारे लिखे

**कैनबरा, एएनआइ :** आस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों पर हमले नहीं रुक रहे हैं। महज 15 दिन के भीतर तीसरे मंदिर को निशाना बनाया गया है। यह मंदिर मेलबर्न के अलबर्ट पार्क में स्थित है। इससे पहले 12 और 16 जनवरी को मंदिरों को निशाना बनाया गया था।

भारत में आस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त बैरी ओ फारेल ने मामले की निंदा की है। साथ ही कहा है कि मंदिर में इस तरह की अभद्र भाषा या तोड़फोड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आस्ट्रेलिया के अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं। आस्ट्रेलियाई सरकार सामुदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए धार्मिक नेताओं के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगी। हरे कृष्णा मंदिर की दीवार पर सोमवार को हिंदू विरोधी चित्र बने मिले। इस्कान मंदिर के संचार निदेशक भक्त दास ने कहा कि वह मंदिर जैसी पवित्र जगह पर इस तरह की घटना से सकते में हैं। उन्होंने कहा कि इसे लेकर पुलिस में शिकायत की गई है। आइटी कंसलटेंट और श्रद्धालु शिवेश पांडे ने कहा कि विक्टोरिया पुलिस हिंदुओं के प्रति नफरत फैलाने के इस एजेंडे को रोकने में विफल रही है। यह घटना हाल में मिल पार्क और कैरम डाउन में मंदिरों पर हुए हमले की विक्टोरिया बहुसांस्कृतिक आयोग की ओर से की गई निंदा के दो दिन बाद हुई है।

**इन मंदिरों को बनाया गया निशाना :** गत 16 जनवरी को कैरम डाउन में श्री शिव विष्णु मंदिर को निशाना बनाया गया था। 12 जनवरी को मेलबर्न के मिल पार्क इलाके में स्वामी नारायण मंदिर को निशाना बनाया गया था। इसमें मंदिर की दीवारों पर हिंदू विरोधी नारे लिखे गए थे।

### सत्ता के संघर्ष के बीच कुवैत की सरकार ने दिया इस्तीफा

**दुबई, एपी:** कुवैत की सरकार ने सोमवार को अरब खाड़ी देश की विधानसभा के साथ सत्ता संघर्ष के बीच इस्तीफा दे दिया। सरकार को चार महीने पहले संसदीय चुनावों में बदलाव के लिए जनादेश मिला था।


दैनिक जागरण क्लासीफाइड कम दाम, ज्यादा काम

For online booking log on to www.jagranclassifieds.com

**आवश्यकता**

Urgently required English, Maths, SST, Physics, Chemistry, Biology, Science, Accountancy, Economics, Pol.Science, Geography, Nursery. KG, Computer, Fine Arts, Gurbani Music, PTI (BP.Ed.) Teachers with Good Spoken English for Akal Academies in Punjab (Bathinda, Ferozepur, Barnala, Fazilka, Faridkot, Mansa, Muktsar, Sangrur, Raikot (Ludhiana) Haryana (Fatehabad, Ellenabad, Darewala, Sirsa) Rajasthan (Padampur, Ganganagar, Ramsinghpur) U.P (Gomti, Kajri, Telipura, Bhira) .Transport & Hostel facility available, Eligibility: Graduation/Post Graduation in the required stream. Salary-15000-30000. Send Resumes @ zone1@barusahib.org Contact: 8894075212

**लघु उद्योग**

**डिस्पोजल** कप, प्लेट, ग्लास LED सर्फ, साबून, कपड़ा, नैपकिन, प्लास्टिक, टब, बाल्टी, चम्मच, कांटा, फैक्ट्री घर लगाए । कच्चा माल ले तैयार दे लाखों कमाए - 9599659415

**नाम परिवर्तन**

**मैं** अब तक विशाल पुत्र सतबीर सिंह निवासी खदराण पाना, गांव पाकस्मा (57), रोहतक हरियाणा-124401 के नाम से जाना जाता था, मैंने अपना नाम बदल लिया है और आगे से विशाल राणा के नाम से जाना जाएगा।

I Rupam S/o Pawan Kumar R/o Gangtan (4),Jhajjar, Haryana 124107, have changed my name to Rupam Ahlawat

Classifieds दैनिक जागरण

YOU CAN BOOK CLASSIFIED ADVT. OVER PHONE in Hisar

For More Details Contact

Nitesh 7988142943



HDFC BANK We understand your world

**शुद्धिपत्र**

दिनांक 08.01.2023 को हिन्दुस्तान टाईम्स, पंजाबी जागरण एवं दैनिक जागरण में प्रकाशित खाता पंजाब कंटेनर्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स सरस्वती गिनिंग प्रेसिंग एंड ऑयल मिल्स, मेसर्स सर्व स्टील और कुलबीर सिंह एवं सन्स हफ (Huf) की हमारी ई-नीलामी बिक्री सूचना के संबंध में है। इस सूचना में कृपया बोली फार्म व ईएमडी की प्राप्ति की अंतिम तिथि 24.01.2023 को सायं 8.00 बजे के स्थान पर 09.02.2023 को सायं 8.00 बजे तथा ई-नीलामी की तिथि/समय 25.01.2023 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक स्थान पर 10.02.2023 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक पढ़े। अन्य समान रहेगा।

( प्राधिकृत अधिकारी )



**सूचना**

सूचित किया जाता है कि **श्री विशाल सिन्हा**, सेल्स मैनेजर, एवं **श्री रविन्द्र कुमार**, प्रोडक्शन मैनेजर, जो कि श्याम ग्रुप के उपक्रम, श्याम डेयरी प्रोडक्ट्स, में कार्यरत थे। दिनांक 20.01.2023 से श्याम ग्रुप एवं श्याम डेयरी प्रोडक्ट्स, की सेवा में संबद्ध नहीं हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इन दोनों लोगों से किसी भी प्रकार के लेन देन से श्याम ग्रुप, प्रयागराज की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वह स्वयं जिम्मेदार होंगें। विगत की भांति क्रय एवं विक्रय हेतु पूर्व मोबाइल नं.9919804903 एवं 9919804935 यथावत् रहेगें।

धन्यवाद !

प्रबन्धक श्याम ग्रुप प्रयागराज



**नगर निगम, रोहतक**

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम, रोहतक की सीमा में स्थित सभी सम्पत्तिधारकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.01.2023, 28.01.2023 व 29.01.2023 को प्रोपर्टी टैक्स के रिकॉर्ड में दुरूस्ती के लिए नगर, निगम, रोहतक कार्यालय में "Property tax Data Correction Camp" लगाया जायेगा, जिसमें आमजन के प्रोपर्टी टैक्स के रिकॉर्ड में जो त्रुटि है उसे दुरूस्त किया जायेगा।

सभी सम्पत्तिधारकों से अपील है कि जिनके प्रोपर्टी टैक्स से संबंधित रिकॉर्ड में जो त्रुटि है उसे दुरुस्त करवाने के लिए प्रोपर्टी से सम्बन्धित दस्तावेज साथ लाकर अपना सम्पत्तिकर दुरूस्त करवाकर कैम्प का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाये।

-Sd-

कृते, आयुक्त, नगर निगम, रोहतक।


## Latest Jobs — Jagran Josh www.jagranjosh.com

### LIC: 9300+ अप्रेंटिस डेवलपमेंट ऑफिसर पद

- **अंतिम तिथि:** 10 फरवरी 2023
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड /संस्थान से ग्रेजुएट एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट/आवेदन:** licindia.in

### दिल्ली विश्वविद्यालय: 40 असिस्टेंट प्रोफेसर पद

- **अंतिम तिथि:** 31 जनवरी 2023
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से मास्टर डिग्री एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट/आवेदन:** colrec.uod.ac.in

### MPPSC: 427 प्रशासनिक सेवा और अन्य पद

- **अंतिम तिथि:** 09 फरवरी 2023
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से ग्रेजुएट एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट/आवेदन:** mppsc.mp.gov.in

### RSMSSB: 2730 सूचना सहायक पद

- **अंतिम तिथि:** 25 फरवरी 2023
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से सम्बंधित विषय में ग्रेजुएट एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट/आवेदन:** rsmssb.rajasthan.gov.in

### करेंट अफेयर्स संक्षेप में

- हाल ही में मानव सेवा के लिए बहरीन का आईएसए अवार्ड किसे प्रदान किया गया है **- डॉ. संदुक रुइट**
- ब्रांड गार्जियनशिप इंडेक्स 2023 में किस भारतीय को ग्लोबल लेवल पर दूसरी रैंक प्राप्त हुई है **- मुकेश अंबानी**
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है **- प्रवीण शर्मा**
- भारत-मिस्र जॉइंट ट्रेनिंग एक्सरसाइज साइक्लोन-I का पहला संस्करण कहा आयोजित किया जा रहा है **- राजस्थान**
- कौन सी कंपनी रेलवायर ग्राहकों के लिए इंटरनेट प्रोटोकॉल टेलीविजन (IPTV) सर्विस 26 जनवरी से लांच करेगी **- रेलटेल**
- किस कंपनी ने वर्ष 2022-23 के लिए वार्षिक प्रदर्शन लक्ष्य निर्धारित करने के लिए नवीनऔर नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है **-इरेडा (IREDA)**

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें www.jagranjosh.com या डाउनलोड करें Jagran Josh Sarkari Naukri App